भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 590
बुधवार, 22 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

जिला कृषि-मौसम इकाइयां

†590. डॉ. बायरेड्डी शबरी:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में कार्यरत, गैर-कार्यात्मक, बंद पड़ी तथा रिक्तियों या अवसंरचना, उपकरण और जनशक्ति की कमी का सामना कर रही जिला कृषि-मौसम इकाइयों का आंध्र प्रदेश सहित राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का जिला कृषि-मौसम इकाइयों को पुनर्जीवित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए निर्धारित समय-सीमा के साथ आंध्र प्रदेश सहित राज्य-वार और जिला-वार नियोजित इकाइयों की संख्या कितनी है;

(ग) ऐसी इकाइयों की स्थापना या पुनर्गठन के लिए आवंटित, स्वीकृत और जारी की गई निधि का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश में उन विशिष्ट जिलों की पहचान की है जहां जिला कृषि-मौसम इकाइयों को पुनर्जीवित करने को प्राथमिकता दिए जाने की संभावना है और यदि हां, तो समय-सीमा और परिचालन योजनाओं सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा पुनर्जीवित कृषि-मौसम इकाइयों को पूरी तरह कार्यशील बनाने, कर्मचारियों और आवश्यक उपकरणों से सुसज्जित करने तथा उन्हें स्थानीय कृषि विस्तार और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के साथ एकीकृत करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) देश में 'ग्रामीण कृषि मौसम सेवा' (GKMS) के अन्तर्गत 199 ज़िला कृषि-मौसम विज्ञान इकाइयों (DAMUs) द्वारा मौसम पर आधारित कृषि- परामर्शी सेवाएँ दी जा रही थीं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD), देश भर में कृषि विज्ञान केंद्रों (KVKs) के सहयोग से स्थापित 130 कृषि-मौसम विज्ञान क्षेत्र इकाइयों (AMFUs) के नेटवर्क के माध्यम से ज़िला स्तर पर किसानों को कृषि-मौसम विज्ञान सेवाएँ देना जारी रखे हुए है; इनमें आंध्र प्रदेश की 9 इकाइयाँ भी शामिल हैं। देश भर के किसानों के व्यापक हित में, ज़रूरी जानकारी और परामर्श पंचायत मौसम सेवा, मौसम ऐप, मेघदूत ऐप जैसे डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म और अन्य आईटी-आधारित प्रसार प्रणालियों के माध्यम से पहुँचाई जाती हैं। मंत्रालय मौसम के पूर्वानुमान में बेहतर सटीकता और बेहतर मौसम विज्ञान सेवाएँ हासिल करने की दिशा में, कृषि-स्वचालित मौसम स्टेशनों और अनुसंधान व विकास बुनियादी ढाँचे सहित प्रेक्षण नेटवर्क को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

(ख) – (ग) देश भर में कृषि विज्ञान केंद्रों (KVKs) के सहयोग से स्थापित 130 कृषि-मौसम विज्ञान क्षेत्र इकाइयों (AMFUs) का एक नेटवर्क—जिसमें आंध्र प्रदेश की 9 इकाइयाँ भी शामिल हैं—वही सेवा प्रदान कर रहा है।

(घ)– (ङ) जिला मौसम कृषि विज्ञान इकाइयों को पुनः स्थापित किए बिना आंध्र प्रदेश राज्य में कृषि विज्ञान केंद्रों के सहयोग से स्थापित 9 कृषि मौसम विज्ञान क्षेत्र इकाइयों के माध्यम से कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद जैसी संस्थाओं के सहयोग से आईएमडी द्वारा जिला स्तर पर कृषि मौसम संबंधी सेवाएँ प्रदान की जाती हैं।

******